हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# ई-केवाईसीः नाम में त्रुटि, थंब मैच नहीं होने से महतारियों के छूट रहे पसीने

## तय अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराने पर महिलाओं को नहीं मिलेगी योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही महिला हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत राजनांदगांव जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चयनित सीएससी केंद्र एवं सामुदायिक भवनों में कैंप लगाकर महिलाओं का ई-केवाईसी कराया जा रहा है। इसके लिए सभी चयनित कैंप में महिलाओं की दिनभर केवाईसी कराने के लिए भीड़ भी लग रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ई-केवाईसी के दौरान कई हितग्राहियों के नाम भी रिजेक्ट हो रहे हैं। ज्यादातर रिजेक्ट का कारण हितग्राही के नाम में त्रुटि तथा पुराना आधार कार्ड है। जिसमें हिन्दी में पूरा नाम लिखा हुआ है। महिला का नाम हो या सरनेम मात्रा में छोटी से छोटी त्रुटि होने पर भी पोर्टल में हितग्राही का नाम शो नहीं कर रहा है। हालांकि केवाईसी करने वाले ऑपरेटरों के अनुसार रिजेक्ट होने के बाद भी पंजीकृत आईडी नंबर के आधार पर हितग्राहियों का केवाईसी किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र से महिलाएं आईडी नंबर प्राप्त कर सकती है। इधर केवाईसी के लिए पहले से तय अवधि में महीनेभर का इजाफा कर दिया गया है। पहले जहां जून महीने तक केवाईसी करने कहां गया था, अब इसकी अवधि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया गया है। जिससे महिलाओं को भी काफी राहत मिली है।

### त्रुटि से बढ़ी दिक्कतें

महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही कई हितग्राहियों का नाम ही पोर्टल में शो नहीं कर रहा है। इसका कारण उनके नाम में छोटी से छोटी त्रुटि होना या फिर हिन्दी में जो नाम लिखा है, उसके अनुसार अंग्रेजी में उस नाम की स्पेलिंग मिस्टेक होना बताया जा रहा है।



### भीड़ के कारण घंटों इंतजार

ई-केवाईसी कराने के लिए जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को कार्य सौंपा गया है। ई-केवाईसी का कार्य बायोमेट्रिक प्रणाली से होना है। इसके लिए हितग्राही का आधार नंबर को महतारी वंदन योजना के पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए इस प्रक्रिया में वैसे तो महज 2 से 5 मिनट ही लगते हैं, लेकिन सर्वर प्रॉब्लम, तकनीकी दिक्कत, हितग्राही का फिंगर नहीं लेना सहित अन्य कारणों के कारण 10 से 15 मिनट तक एक केवाईसी में लग रहा है। इसके कारण कई हितग्राहियों को आवेदन करने के कई घंटों के बाद या दूसरे दिन भी केवाईसी कराने बुलाया जा रहा है।

### नहीं हो रहा फिंगर मैच

केवाईसी में महिलाओं के फिंगर मैच नहीं होने की भी दिक्कतें सामने आ रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ऐसी महिलाओं की सूची तैयार की जा रही है, जिसे राजधानी भेजा जाएगा। यहां से तकनीकी दिक्कतें दूर किए जाने की तैयारी है। प्रत्येक हितग्राही का थंब लिया जा रहा है। अगर किसी हितग्राही का फिंगर काम नहीं कर रहा है, तो आंखें स्कैन कर केवाईसी किया जा रहा है।

## एक अप्रैल से सप्लाई चेन प्रभावित, मदिराप्रेमियों की बढ़ी दिक्कतें

# प्लास्टिक बोतल के इंतजार में शराब का शार्टेज, मदिराप्रेमियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए वित्तीय वर्ष से प्लास्टिक बोतल में शराब सेवन का इंतजार कर रहे मदिरा प्रेमियों की परेशानी बढ़ गई है। राज्य स्तर से सप्लाई चेन पिछले एक अप्रैल से प्रभावित हो गई है। जिसके कारण शराब दुकानों में मामूली व अधिक डिमांड की जाने वाली शराब का स्टाक मैंटेन नहीं हो पा रहा है। बीते दिनों एक शराब दुकान में स्टाक नहीं मिलने से शराब प्रेमियों ने जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार नए वित्तीय वर्ष से राज्य शासन द्वारा कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल में ही शराब बेचने का फैसला लिया गया है। ऐसी जानकारी मिली है कि इसे लेकर टेंडर नहीं होने का कारण बताया जा रहा है। हालाकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि कांच के स्टाक वाले शराब की प्लास्टिक बोतल में बदली की जा रही है। जिसकी वजह से सप्लाई चेन टूट गई है। शहर के चिखली, बाईपास, कन्हारपुरी, रेवाडीह सहित अन्य दुकानों में देशी शराब की बड़ी किल्लत सामने आ रही है। पड़ताल में पता चला कि दुकानों में मसाला देशी की शराब व गोवा देशी व शोले, रोमियों और शेरा जैसे शराब का टोटा हो गया है। शराबप्रेमी घंटों लाइन में लग रहे हैं, लेकिन जब उनका नंबर आ रहा है तो शराब नहीं होने की बात कह दी जा रही है। जिससे मंदिराप्रेमी आपा खोकर नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि एक अप्रैल से ही इस तरह की दिक्कतें आ रही है।

**खास बातें**

- आनन-फानन में आदेश जारी करने से बढ़ी दिक्कतें
- शहर सहित जिलेभर की दुकानों में संकट




### अब प्लास्टिक बोतल में ही शराब

ज्ञात हो कि शासन ने एक अप्रैल से कांच वाली बोतल में शराब बेचने पर रोक लगाई है। जिसके चलते सरकारी शराब दुकान में प्लास्टिक की बोतल का इंतजार किया जा रहा है। अब प्लास्टिक बोतल में ही देशी शराब की बिक्री जाएगी, जिसका कुछ स्टॉक जिले में पहुंचने भी लगा है।

### पुराने स्टाक को खपाने की तैयारी

ऐसी जानकारी मिली है कि कांच के पुराने बोतले को प्लास्टिक के बोतलों में भरकर शराब की सप्लाई किए जाने की तैयारी है। यह प्रक्रिया टेंडर नहीं होने तक किए जाने की बात कही जा रही है। खबर है कि एक अप्रैल को जिले में प्लास्टिक बोतल से शराब की सप्लाई शुरू हो जानी थी, लेकिन राज्य स्तर से टेंडर प्रक्रिया समय पर नहीं किए जाने के कारण सप्लाई चेन टूट गई है।

### शराब नहीं मिलने पर हंगामा भी हुआ

हाल ही में शहर की एक शराब दुकान में मनपसंद ब्रांड नहीं मिलने से नाराज मदिराप्रेमियों ने हंगामा भी मचाया। मिली जानकारी के अनुसार चिखली शराब दुकान में शराब खरीदने आए कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। वहां पहुंचे लोगों ने कहा कि आज कोई विशेष अवसर नहीं है, लेकिन ड्राई-डे किस आधार पर किया गया है। अफसरों से संपर्क करने पर पता चला कि राज्य स्तर से सप्लाई चेन नए वित्तीय वर्ष से प्रभावित है। अफसरों की माने तो एक अप्रैल से कांच की बोतल में शराब बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### इस तरह का संदेश सोशल मीडिया में वायरल

देशी शराब दुकानों में देशी शराब उपलब्ध न होने से हमाल मजदूरों व मध्यमवर्ग की बढ़ी परेशानी। 80 से 100 रूपये पौवा वाली देशी सफेद एवं नारंगी शराब की पूर्ति विभाग शासन द्वारा नहीं किए जाने से मजदूर हमाल, मध्यम वर्ग में आक्रोश व्याप्त होता देखा जा रहा है क्योंकि दुकान में अंग्रेजी शराब बेची जा रही है जिसकी कीमत 250 रूपये शुरू होती है जिसे मजदूर हमाल तबके के लोगों को क्रय नहीं कर सकते। जबकि दुर्ग पड़ोसी जिले में देशी शराब आसानी से उपलब्ध है। अतः शासन को चाहिए देशी शराब की पूर्ति दुकानों में किया जाये ताकि आम लोगों को आर्थिक स्थिति विशेषकर महंगाई को ध्यान रखते हुए दुकानों में देशी मदिरा शराब उपलब्ध करायें।

## जिला मुख्यालय में संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल में डटा

# 8 सूत्रीय मांग को लेकर वनोपज समिति प्रबंधकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के बैनर तले लघु वनोपज समिति प्रबंधकों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के समिति प्रबंधक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

लघु वनोपज प्रबंधक संघ के प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के आव्हान पर राजनांदगांव सहित तीन जिलों के समिति प्रबंधकों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इधर समिति प्रबंधकों के हड़ताल पर चले जाने से तेंदूपत्ता तोड़ाई सीजन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। अपनी मांगे पूरी करने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे लघु वनोपज समिति प्रबंधक मोहित कुमार और रवि कुमार मंडावी ने कहा कि समिति प्रबंधक 34 वर्षों से कार्यरत हैं। लेकिन अब तक मामले में कोई सफलता नहीं मिली है।



### कई प्रकार के कार्य प्रभावित

समिति प्रबंधक रवि मंडावी ने कहा कि वे यहीं 5 वर्षों से अपनी मांगों के लिए सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। नियमितीकरण सहित अपने विभिन्न मांग को लेकर आंदोलन कर रहे समिति प्रबंधकों ने बताया कि जिले में 50 समिति प्रबंधक हैं। इसके अलावा आसपास जिले के प्रबंधक भी हड़ताल में शामिल हैं। समिति प्रबंधकों के हड़ताल पर जाने से तेंदूपत्ता तोड़ाई, कतरन भुगतान, बीमा का कार्य प्रभावित होगा।

### 15 अप्रैल तक दिया था मियाद

अनिश्चितकालीन हड़ताल में डंटे समिति प्रबंधकों ने बताया कि उनके संगठन ने पहले ही हड़ताल की सूचना दे दी थी। बताया गया कि लघु वनोपज समिति प्रबंधक संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन को 15 अप्रैल तक का वक्त मांगे पूरी करने दिया गया था, लेकिन मांगे पूरी नहीं होता देख संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर दी गई है।

### समिति प्रबंधकों ने रखी मांग

अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान समिति प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री, वनमंत्री सहित संबंधित विभिन्न विभागों में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसमें प्रबंधक संघ की मांगों को लेकर मंत्रालय में बनी सहमति के आधार पर अविलंब आदेश पारित करने, समिति प्रबंधकों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के एक सदस्य को प्रबंधक पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने, समिति प्रबंधकों की सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु पर जीवन निर्वाह हेतु एकमुश्त उपादान 10 लाख की राशि प्रदान करने, प्रबंधकों का वेतन उनके निजी बैंक खातों में हस्तांतरण करने, तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 में विभागीय संग्रहण करने वाले समितियों को अल्टी-पल्टी बोरा भराई, थप्पी लगाने परिवहन आदि का अग्रिम क्रेता नियुक्ति द्वारा प्रदाय की जाने वाली राशि के समतुल्य स्वीकृत राशि प्रदान करने, संग्रहण में फड़ों की सुरक्षा के लिए तर्पॉलिन और कीटनाशक की पर्याप्त उपलब्धता करने सहित अन्य मांगे रखी है।

**खबर संक्षेप**

### आटो में शराब परिवहन 18 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** आटो में अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री करने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर 18 पौवा शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री करने तथा परिवहन करने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 22 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रेंगाकठेरा शमशान घाट के पास आम रोड पर ग्राम डीलापहरी निवासी शेखर वर्मा अपने ऑटो में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड़ कार्रवाई कर आरोपी शेखर वर्मा के कब्जे से 18 पौवा सवा शेर देशी प्लेन शराब छत्तीसगढ़ निर्मित कीमती 1440 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त 1 काले-पीले रंग का ऑटो जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया।

**माय एंगल**




# पारींनाला दरगाह पर उर्स का आयोजन देश के ख्याति नाम कव्वाल बांधेंगे समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप पारींनाला स्थित जलालबाग में हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाअलैह की दरगाह पर सालाना उर्स पाक का आयोजन 21 से 25 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस मौके पर देशभर के ख्यातिनाम कव्वाल अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे।

पारींनाला स्थित हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर 49वां सालाना उर्स पाक को लेकर दरगाह शरीफ को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। वहीं उर्स कमेटी द्वारा सभी इंतजाम किए गए हैं। उर्स के आयोजन को लेकर अकीदतमंदों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बड़ी तादाद में अकीदतमंद दरगाह में पहुंच रहे हैं। उर्स मुबारक के मौके पर कई दुकानें भी सजी हुई है। वहीं उर्स मैदान पर मेले का आयोजन भी किया गया है। 21 अप्रैल को परचम कुशाई के



साथ शुरू हुए उर्स के मौके पर 23 अप्रैल की रात महफिले शाम का आयोजन किया गया। जिसमें हजरत बाबा सैयद यासिनी अली शाह रहमतुल्ला अलैह पामगढ़ शरीफ के साहीबे सज्जादा सैय्यद हाजी हामिद अली यासमीन चिश्ती साहब की मौजूदगी में हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल मोइन निजामी ने कलाम पेश किया। पारींनाला स्थित दरगाह शरीफ में चादर पेश करने शहर से शाही संदल निकल गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### कव्वाली आज

उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि उर्स के मौके पर 24 और 25 अप्रैल की रात 10 बजे से बेमिसाल कव्वाली का मुकाबला होगा। 24 अप्रैल को देश के ख्याति नाम कव्वाल बदायूं शरीफ यूपी से जुनैद सुल्तानी और अलीगढ़ से हबीब पेंटर समां बांधेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य वर्क बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज उपस्थित रहेंगे। वहीं 25 अप्रैल को उर्स के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य अतिथि में अहमदाबाद गुजरात से कव्वाल अनीस नवाब और यूपी से जुबेर सुल्तानी अपनी मशहूर कव्वालियों की प्रस्तुति देंगे।

# मवेशियों की तस्करी दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



मवेशियों को बिना चारा-पानी के पिकअप वाहन में भरकर कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत 21 अप्रैल को पशु तस्करी करते आरोपी रवि यदु 32 साल साकिन हाथीडोब एवं विधि से संघर्षरत बालक को 4 नग मवेशी को क्रूरतापूर्वक पैर एवं गला में रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के पिकअप वाहन में भरकर कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपियों के कब्जे से 4 नग मवेशी व पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का धारा-11 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## मंडी आरक्षक बनने रविवार को जिलेभर में आयोजन

# 99 केंद्रों में 24 हजार परीक्षार्थी देंगे भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 26 अप्रैल को होने वाली छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित मंडी उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के लिए प्रशासन ने जिले में अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। 99 परीक्षा केंद्रों में 24 हजार 200 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। व्यापम में परीक्षा को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के आयोजन को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। परीक्षा के लिए 99 केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्नपत्र गुरुवार की देर शाम यहां पहुंच गए हैं। स्ट्रांग रूम में इसे रखा गया है। परीक्षा के दिन सुबह साढ़े छह बजे सुरक्षा के साथ प्रश्नपत्रों को केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।



### सख्त किए नियम

व्यापम ने परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग की और आधी बांह वाली शर्ट या टी-शर्ट पहनने की अनुमति है। गहरे रंग के कपड़े, जूते और मोजे पहनकर आना पूरी तरह वर्जित है। अभ्यर्थी केवल साधारण चप्पल पहन सकते हैं। मोबाइल फोन, घंड़ी, कैलकुलेटर या किसी प्रकार के गैजेट्स परीक्षा हाल में ले जाना प्रतिबंधित है।

### आधार कार्ड अनिवार्य

परीक्षार्थी व्यापम की अधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं, जो 20 अप्रैल 2026 को जारी किया जा चुका है। परीक्षा केंद्र पर अपना मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी) ले जाना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से एक दिन पहले अपने आवंटित केंद्र की लोकेशन देख लें।

### गर्मी के कारण बदला समय

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण परीक्षा का समय बदल दिया है। पहले यह परीक्षा सुबह 11 बजे से आयोजित की जा रही थी, लेकिन अब सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार सुबह साढ़े नौ बजे बंद कर दिया जाएगा। जिसके बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा, जांच एवं पहचान पत्र के सत्यापन के लिए परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### कल के लिए आज से बचाएं जल

**जालबांधा।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व जल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य जल संरक्षण और संसाधनों के प्रबंधन के महत्व को उजागर करना है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि हर साल विश्व जल दिवस की थीम अलग होती है जो जल संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण के विभिन्न पहलू पर केंद्रित होती है। अश्विन गौतम ने संचालन करते हुए बताया कि जल संरक्षण के विभिन्न तरीके हो सकते हैं। जल की बचत करना, वर्षा जल को संचय करना, जल प्रदूषण को रोकना और उनका प्रबंध कर संरक्षण किया जा सकता है। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ नवीन राजपूत ने किया।

### विपक्ष की भूमिका निराशाजनक



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण बिल लाया था लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों ने इसे पास नहीं होने दिया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दल महिलाओं के हितैषी होने का दिखावा करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनके कदम इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में महिला आरक्षण बिल अवश्य लागू किया जाएगा।

### अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर




**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब ने विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक के निर्देशन में गर्मी को ध्यान में रखते हुए गमले में पौधारोपण किया गया जिन्हे वर्षा ऋतु के प्रारंभ में विद्यालय प्रांगण में रोपा जाएगा। अन्य पौधों में जल व खाद का छिड़काव किया गया। व्याख्याता टीएल देवांगन ने कहा कि सभी को प्रकृति के महत्व को समझना चाहिए। बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए पौधारोपण कर संरक्षण करना होगा। व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि यदि हमें ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट से बचना है तो अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने पृथ्वी दिवस के इतिहास के बारे में बताया। पवन सिन्हा ने भी संबोधित किया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम, रूपेश देवांगन, कुंदन यादव आदि शामिल हुए।

### 80 का पौवा बिक रहा दो से ढाई सौ में

# देशी शराब दुकानों में लटका ताला

## मानपुर और खड़गांव में भी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जिले की शासकीय देशी मदिरा दुकानो में एक सप्ताह से कोई भी ब्रांड नहीं मिल रहा है। शादी ब्याह के मौके में देशी मदिरा प्लेन और मसाला शराब नही मिलने से मदिरा प्रेमियों का मजा किरकिरा हो रहा है वही लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ रही है। कारण यह है की देशी शराब पीने वालों को मजबूरी में अंग्रेजी या महुआ की कच्ची शराब से बुझानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार लोगों को अंग्रेजी शराब के लिए दोगुना कीमत चुकानी पड़ रही है वहीं कच्ची महुआ शराब पीने से तबियत बिगड़ने का खतरा बना हुआ है। जिले के देशी शराब के शौकीन इन दिनों खासे परेशान हैं। मदिरा प्रेमियों को एक सप्ताह से देशी शराब प्लेन की शोले, शेरा, रोमियो एवं यूनिक नहीं मिल रहा है जिससे लोगों की परेशानी बढ गई है। नगर के मदिरा प्रेमी हरीकलाल, डाबला, बिलासराम, रामसिंह, अंजोरसिंह, सुकलाल, बैशाखु, पीलाराम, संतरूराम, किशनलाल, तीरथराम, सुजीत आदि ने बताया कि वह एक सप्ताह से देशी शराब खरीदने के लिए दुकान के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हे शराब मिल नहीं रही है। उन्होंने बताया कि सेल्समेन यह भी नही बता रहे है कि देशी शराब कब तक आएगी।

#### संकट तो है

जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन ने बताया कि देशी शराब दुकानों में आपूर्ति प्रभावित हुई है। देशी शराब का संकट बना हुआ है। अधिकारियों को सूचना दी गई है। जल्द देशी शराब आपूर्ति की मांग की गई है।




#### ब्लैक में बिक रही शराब

सरकारी दुकान में शराब की आपूर्ति नहीं होने के बाद मार्केट में शोले, रोमियो, शेरा एवं युनिक का पौवा दो सौ से ढाई सौ में बिक रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि सरकारी दुकान में जहां किल्लत है वही बाजार में शराब आसानी से मिल रही है। देशी शराब की अन्य ब्रांड भी बाजार में दोगुना दाम पर बिक रहे हैं।

#### दुकानों में तालाबंदी

एक सप्ताह से नगर ही नहीं मानपुर, खडगांव की देशी शराब दुकान में ताला लटका हुआ है। शराब प्रेमी हर दिन चक्कर काट रहे है लेकिन शटर डाउन होने से उन्हे बैरंग लौटना पड़ रहा है। स्थानीय देशी मदिरा दुकान के मैनेजर एवं सेल्समेन ने बताया कि दुकान में शराब नहीं होने के कारण शहर बंद कर दिया गया है।

#### शराब नहीं मिलने से आक्रोश

शादी ब्याह के मौके में देशी शराब नही मिलने से मदिरा प्रेमियो में आक्रोश बढ गया है। मदिरा प्रेमियो ने बताया कि यह क्षेत्र अनुसुचित क्षेत्र है। यहां हर कार्य शराब के बिना संभव ही नही है। पंरपरा और संस्कृति के मुताबिक शादी ब्याह के मौके पर मेहमान नवाजी एवं अन्य कार्यों के लिए शराब की आवश्यकता होती है लेकिन देशी शराब नहीं मिलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को महंगे दाम पर अंग्रेजी या कच्ची महुए की शराब लेना पड़ रहा है।

# कृषि जमीन का अवैध नामांतरण का आरोप




**गंडई पंडरिया।** बीरेन्द्र कुमार देवांगन ने कोपेभाठा में जमीन के फर्जी नामांतरण और अवैध रूप से मिनरल वाटर प्लांट संचालित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए दस्तावेजी सबूत पेश किए।

शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी नानी स्व मंगतीन बाई की कोपेभाठा में खसरा नंबर 232 ए में 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि थी। उनके निधन के बाद इस जमीन पर 6 वैध वारिसों का समान अधिकार था। आरोप है कि वारिसों में से एक घासीराम ने मिलीभगत कर अन्य वारिसों की सहमति और हस्ताक्षर के बिना पूरी जमीन अपने नाम पर नामांतरित करा लिया।

#### अवैध प्लांट का संचालन

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि विवादित भूमि पर वर्तमान में मिनरल वाटर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। प्लांट स्थापना के लिए पर्यावरण, श्रम, उद्योग और अन्य विभाग की एनओसी नहीं लिया गया है। आरोप है कि प्लांट के लिए बिजली कनेक्शन भी किसी अन्य जमीन के नाम पर लिया गया है।

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

शिकायतकर्ता वीरेंद्र देवांगन ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में 6 अप्रैल 2022 को कलेक्टर और एसडीएम से विस्तृत शिकायत की थी। चार साल बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जमीन के अवैध नामांतरण को तत्काल निरस्त किया जाए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई हो। अवैध रूप से संचालित मिनरल वाटर प्लांट को तुरंत बंद कराया जाए।

# जर्जर सड़क से बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

- सालों से सड़क डामरीकरण की मांग लंबित

प्रदेश में विकास की बयार बहने के दावों के बीच ग्राम आलेदंड और बजरंगीडीह के ग्रामीण आज भी घोर अनदेखी के शिकार हैं।

मोहनपुर से आलेदंड सड़क का अब तक डामरीकरण नहीं हो सका है जबकि ग्रामीण यह मांग प्रशासन के सामने रखते आ रहे है। ग्रामीण अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं, किंतु इसका अब तक पक्कीकरण न होना यह स्पष्ट करता है कि प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है।



#### सभी हो रहे परेशान

शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार का मुख्य केंद्र चारभाठा है। अस्पताल जाने से लेकर बच्चों के स्कूल पहुँचने तक और किसानों द्वारा अपनी उपज बेचने से लेकर खाद-बीज लाने के लिए लोगों को इसी धूल और कीचड़ भरी सड़क का सहारा लेना पड़ता है। प्रशासन की सुस्ती ने इस सफर को कष्टकारी बना दिया है।

#### पंचायत मुख्यालय पहुंचना दूभर

इस दोहरी मार का सबसे गंभीर पहलू भगवानटोला से आलेदंड मार्ग की बदहाली है। आलेदंड और बजरंगीडीह का पंचायत मुख्यालय भगवानटोला में है। राशन दुकान भी वहीं है। विडंबना यह है कि पंचायत के कार्यों और राशन लाने के लिए जिस मार्ग का उपयोग होता है, वह पूरी तरह उखड़ चुकी है। बुजुर्गों और महिलाओं को उखड़ी हुई गिट्टियों और गड्ढों के बीच से गुजरते हुए राशन लेने जाना पड़ता है।

#### अधूरा निर्माण और यात्रियों की मुसीबत

क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी का एक और विरोधाभास घोरतलाव से कारूटोला मार्ग पर देखने को मिलता है। इस मार्ग में घोरतलाव से लेकर बजरंगीडीह तक तो पक्की सड़क का निर्माण कर दिया गया है, लेकिन बजरंगीडीह के आगे की सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया है। विडंबना यह है कि इसी रास्ते से नियमित रूप से बसों का परिचालन होता है। सड़क कच्ची होने के कारण बस यात्रियों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आधे-अधूरे निर्माण ने ग्रामीणों की कनेक्टिविटी को सुधारने के बजाय और अधिक उलझा दिया है।

# युवाओं को मिला नेतृत्व का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



भाजयुमो को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए मंडल स्तर पर नई नियुक्तियों की गई है। गैंदाटोला मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भूपेन्द्र निर्मलकर को सौंपी गई है। कार्यकारिणी में उमेश चंद्रवंशी और हेमदास साहू को महामंत्री बनाया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को जोड़ने और आगामी चुनावों के लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।

#### कुश कुंभकार बने अध्यक्ष

जिला भाजयुमो अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष पद पर कुश कुंभकार को नियुक्त किया है। महामंत्री की कमान मुकेश मंडावी व दुर्गेश सिन्हा को मिली है। इस नियुक्ति से युवा कार्यकताओं में उल्लास का माहौल है।

#### तिवारी तीसरी बार जिला कार्यकारिणी में

जिला भाजयुमो की कार्यकारिणी में कुमर्दा मंडल के यूथ आइकॉन अनंत तिवारी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व श्री तिवारी मंत्री थे। विपक्ष में रहते हुए मोनू बहादुर की टीम में काम किया है। उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए उपाध्यक्ष बनाया गया है। श्री तिवारी ने इस नियुक्ति पर पार्टी संगठन और वरिष्ठों का आभार जताया है। उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रमेश साहू, गेंदालाल सिन्हा, साहिल जैन, शेष नारायण ने बधाई दी है।

### कृत्रिम आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण अगले माह

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आरसेटी बरगा राजनांदगांव जो बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थान है। यहां सत्र 2026-27 के कार्ययोजना अनुसार आगामी माह कृत्रिम आभूषण निर्माण का 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन एवं स्मोक डिटेक्टर का 13 दिवसीय व घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी का 31 दिवसीय प्रशिक्षण प्रस्तावित की गई है।

# कॉलेज में मासिक धर्म स्वास्थ्य पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पडरिया



स्थानीय शासकीय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अंतर्विभागीय आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को खत्म कर वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराना था। मुख्य वक्ता के रूप में वनस्पति शास्त्र विभाग के डॉ. तामेश्वर जायसवाल उपस्थित थे। उन्होंने मासिक धर्म से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जिसे लेकर समाज में चुप्पी तोड़ने की जरूरत है। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने अनियमित मासिक धर्म और इस दौरान होने वाले शारीरिक कष्टों के कारणों पर विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया। डॉ. जायसवाल ने छात्र-छात्राओं के सवालों का वैज्ञानिक ढंग से समाधान करते हुए बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित दिनचर्या अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मासिक धर्म स्वास्थ्य केवल महिलाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। पुरुषों की जागरूकता ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

उक्त कार्यक्रम अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. गौरव जैन के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। आयोजन के अंत में डॉ. जैन ने आभार व्यक्त किया।

# गठुला में टसर परिवर्तन केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला में लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित टसर परिवर्तन केन्द्र की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा रेशम उत्पादन से जुड़े कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने रेशम उत्पादन क्षेत्र (रेयरिंग व प्लांटेशन क्षेत्र) की सुरक्षा हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को शीघ्र तार फेंसिंग के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि फसलों एवं पौधों को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से जुड़े ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए बेहतर योजना बनाकर कार्य किया जाए और उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर रेशम उत्पादन की प्रक्रिया, इसमें होने वाले कार्यों तथा संभावित आय के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि रेशम उत्पादन ग्रामीण आजीविका का एक अच्छा माध्यम बन सकता है, जिससे किसानों एवं समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को आवश्यक प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे इस गतिविधि से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।



#### कलेक्टर ने ली गतिविधियों की जानकारी

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गठला में ग्रामोद्योग संचालनालय (रेशम प्रभाग) के माध्यम से टसर परिवर्तन केन्द्र संचालित की जा रही हैं। लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस केंद्र में 2 भवन निर्मित हैं तथा बड़े क्षेत्र में अर्जुन पौधों का रोपण किया गया है, जो रेशम उत्पादन का मुख्य आधार है। केंद्र में गतिविधियों के संचालन हेतु स्व-सहायता समूहों को जोड़ा गया है, जहां महिलाओं द्वारा पौधों का रोपण, निराई-गुड़ाई, खाद डालना, पत्तियों की देखभाल, कीट पालन, प्रक्षेत्र की सफाई, कृमिपालन सहित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। माह जून-जुलाई से जनवरी तक महिलाओं द्वारा कीट पालन का कार्य किया जाता है। विभाग द्वारा स्व-सहायता समूहों को प्रति चक्र 2 बॉक्स रेशम कीट प्रदाय किए जाते हैं, जिससे वे उत्पादन कर आय अर्जित कर रही हैं। अधिकारियों के मार्गदर्शन में महिलाएं वर्ष में 2 से 3 फसलें लेकर कोसा उत्पादन करती हैं। कोसा को ग्रेडिंग करके ग्रेड अनुसार ककून बैंक के माध्यम से क्रय किया जाता है। जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होता है। वर्ष 2025-26 में स्व-सहायता समूहों को कुल 5 लाख 95 हजार 320 रुपए की आय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही केंद्र में दुर्ग संभाग का एक मात्र ककून बैंक वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित है। यहां जिले के कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है तथा उन्हें रेशम उत्पादन, टसर एवं मलबरी सेरिकल्चर की विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, सहायक संचालक रेशम चारूल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बैठक में विभागवार जिम्मेदारियां तय

# गुफा खुलेगी सोमवार को, प्रशासन तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

आगामी 27 अप्रैल को मंडीप खोल गुफा खुलने के मद्देनज़र जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 23 अप्रैल को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत के सीईओ एवं अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। गुफा क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रित करने एवं सुचारु यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।



#### शिविर लगाया जाएगा

स्वास्थ्य विभाग को गुफा स्थल पर अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित करने, आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय रखने तथा अतिरिक्त स्वास्थ्य टीम की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, सफाई, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायतों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

#### मादक पदार्थों की बिक्री पर नजर

आबकारी विभाग को गुफा के आसपास एवं नजदीकी क्षेत्रों में मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में डीएसपी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, मंडीप खोल गुफा दर्शन आयोजन समिति के संरक्षक लाल रोहित सिंह पुलत्स्य एवं सदस्य, सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बजट को लेकर नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक काफी हंगामेदार रही

# आठ महीने बाद आमने-सामने हुए पार्षद सामान्य सभा की बैठक में दोनों दल मुखर

## सभापति और अध्यक्ष बैठक में गोल मोल जवाब देते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

बजट को लेकर नपा की सामान्य सभा की बैठक काफी हंगामेदार रही हालांकि 15 करोड़ 33 लाख 96 हजार रूपयों की आय प्रावधान वाला बजट पारित हो गया, लेकिन इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच काफी तीखी नोंकझोंक चलती रही।

आठ महीने बाद आयोजित हो रही सामान्य सभा की बैठक मे कांग्रेस पार्षद अपनी पूरी भड़ास निकालने के मूड में थे जबकि भाजपा पार्षद, सभापति और स्वयं अध्यक्ष पूरी बैठक में विषय को बदलने गोल मोल जवाब देते नजर आए। नपा में काबिज भाजपा नेताओं पर जमकर बरसते हुए धनेली वार्ड के कांग्रेस पार्षद पार्षद पुरूषोत्तम वर्मा ने कहा कि जब 19 जनवरी 26 को शासन की ओर से 15 वें वित्त अंतर्गत प्रस्तावों की कार्ययोजना में वार्ड एक से बीस तक पाईप लाइन विस्तार के लिए 154 लाख रूपयों सहित हर घर नल को लेकर 95 लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई थी उस विषय पर निविदा प्रकाशन किस वजह से आज तक रोका गया है जबकि भीषण गर्मी के चलते शहर के लगभग सभी वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

पुरूषोत्तम वर्मा ने कहा कि किस वजह से आम लोगों की मूलभूत जरूरतों वाले कामों को विराम लगाकर सिर्फ खरीदी को प्राथमिकता दी जा रही है। सभापति अजय जैन से पूछा कि उनकी समिति में कितने सदस्य है और जब उन्हें सदस्यों का नाम नही मालूम तो किस हिसाब से सभापति बने हुए है। पार्षद वर्मा ने कहा कि जब सभापति को यह नही पता कि उनकी समिति मे कितने सदस्य है और उनका नाम क्या है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि नपा की कमान किनके हाथों में जनता ने सौंपा है।

### 82 प्लेसमेंट पर भाजपा पार्षद का सवाल

भाजपा पार्षद चंद्रशेखर यादव ने 82 प्लेसमेंट कर्मचारियों को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा 52 से 82 कैसे हुए और 82 के 82 कर्मचारी कहां काम करते हैं, किस-किस जगह पर तैनात हैं, उनका नाम बताया जाए। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं ऐसा तो नहीं कि किसी मृत व्यक्ति के नाम पर पैसा निकाला जा रहा हो। उन्होंने रजिस्टर दिखाने की मांग की। इस पर पालिका कर्मचारी टोडर सिंह ने समय मांगते हुए कहा कि रजिस्टर उनके पास अभी उपलब्ध नहीं है, वे कुछ समय बाद सदन में प्रस्तुत कर देंगे। स्वच्छता श्रृंगार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अभी तक इसका टेंडर क्यों नहीं हुआ। मार्च में टेंडर समाप्त हो जाता है और अप्रैल से नई प्रक्रिया शुरू होती है, लेकिन कभी भी समय पर टेंडर नहीं किया जाता। इसके पीछे क्या कारण है, यह स्पष्ट किया जाए। चंद्रशेखर यादव ने आरोप लगाया कि प्लेसमेंट कर्मचारियों से ही शौचालय की सफाई करवा ठेकेदार को फायदा पहुंचाया जा रहा है और कमीशन लिया जा रहा है।

### जब हारना तय है तो कोर्ट आने जाने पैसा क्यों

बजट को लेकर कहा कि 2024/25 के बजट की कापी को भी इस साल पेश किया गया है जबकि नए जिले के हिसाब से अन्य चीजों का शामिल करना था। उन्होंने यह भी कहा कि क्या कारण है कि कोर्ट में जाने वाले ज्यादातर प्रकरणों में नपा को सिर्फ मुंह की खानी पड़ती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर मामले में नपा को हार का सामना करना पड़ रहा है तो किस आधार पर हर महीने वकील को लंबी चौड़ी रकम का भुगतान किया जा रहा है और बिलासपुर आने जाने के नाम पर हजारों रूपयों का टीए डीए निकाला जा रहा है। पार्षद वर्मा ने कहा कि जब इस स्थिति का सामना करना ही है तो क्यो भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने पूछा कि नपा को आज तक कोर्ट गए कितने मामलों में जीत मिली है उसका आंकड़ा सदन में रखे। बैठक के दौरान जमकर आरोप-प्रत्यारोप के दौर के चलते पूरे समय माहौल गरमाया रहा और कई मुद्दों पर स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाने से असंतोष भी नजर आया।

### ठेकेदारों पर अधूरे काम का आरोप

कांग्रेस पार्षद और उपाध्यक्ष रज्जाक खान ने आरोप लगाया कि भाजपा के ही रिश्तेदार ठेकेदार के रूप में काम कर रहे हैं। वे काम ले लेते हैं लेकिन समय पर पूरा नहीं करते। नया टेंडर आते ही फिर काम उठा लेते हैं जबकि जो ठेकेदार काम कर रहे हैं, उनके पास अब काम नहीं बचा है। इससे निर्माण कार्य की गति धीमी बनी हुई है।

### नपा इंजीनियर को फटकार

चंद्रशेखर यादव ने इंजीनियर को फटकार लगाते हुए कहा कि 20 जनवरी से पदस्थ होने के बावजूद वे कितने दिन कार्यालय आए हैं, यह स्पष्ट किया जाए। उनका वेतन कहां से बनता है और कौन बनाता है, यह भी सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो निंदा प्रस्ताव भेजा जाएगा। अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि शौचालय की सीट टूटी है, गेट खराब है और नालियां भरी हुई हैं। इसके बावजूद ठेकेदारों को समय पर भुगतान किया जा रहा है, जो गंभीर मामला है। इस बीच सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका के बाथरूम की स्थिति भी खराब है। वहां बाल्टी, मग और टाइल्स तक उखड़ी हुई हैं। जब खुद कार्यालय की स्थिति ऐसी है तो अन्य जगहों की व्यवस्था कैसी होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है।

### 59 करोड़ की जल आवर्धन योजना पर सवाल

मनराखन देवांगन ने 59 करोड़ की जल आवर्धन योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे शहर में पाइपलाइन बिछा दी गई, सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन एक बूंद पानी नहीं आ रहा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जल स्रोत से अनुमति ली जानी चाहिए थी। लालपुर में बने एनिकट पर 2 करोड़ खर्च किए गया पर भी पानी स्टोर क्यों नहीं हो रहा है। भाजपा पार्षद सुमित टांडिया ने आरआई मनोज शुक्ला को फटकार लगाते हुए कहा कि उनके पास किसी भी प्रकार की तैयारी या रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुकंपा से नौकरी मिलने के बाद भी जिम्मेदारी नहीं निभाई जा रही है और वरिष्ठ अधिकारियों से सीखने की जरूरत है। बैठक में मनराखन देवांगन ने अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर से पूछा कि कांजी हाउस कहां बनेगा और इसकी लागत कितनी होगी। मुक्तिधाम के निर्माण और खर्च पर भी सवाल उठाया लेकिन संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

# नहीं बना पाएंगे अब सरकारी जमीन पर मकान, पंचायत प्रस्ताव पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले में पीएम आवास योजना तहत अब ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी या चारागाह भूमि में निर्माण की अनुशंसा करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों पर दंडात्मक कारवाई होगी। समय सीमा की बैठक में एसडीएम टंकेश्वर साहू ने इस विषय को रखते हुए कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को सरंपच, सचिव व ग्रामवासियों द्वारा बिना राजस्व विभाग से अनुमति लिए सरकारी, चारागाह भूमि पर आवास निर्माण के लिए पंचायत स्तर पर प्रस्ताव अथवा पंचनामा तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है जो नियमतः पूरी तरह से गलत और दंडनीय है और इसी के चलते तहसील स्तर पर अवैध अतिक्रमण के प्रकरणो मे बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि छग पंचायत राज अधिनियम तहत ग्राम पंचायत को सरकारी भूमि के उपयोग परविर्तन या आबंटन का अधिकार नही है। राजस्व संहिता अनुसार सरकारी व चारागाह भूमि पर अतिक्रमण प्रतिबंधित व दंडनीय है और पीएम आवास के लिए आवास निर्माण केवल हितग्राही की वैध स्वामित्व अथवा पट्अे मे मिली भूमि पर ही वैध है।

### व्यक्तिगत दायित्व मानकर की जाएगी कार्रवाई

समय सीमा की बैठक में उक्त तथ्य संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पंचायत स्तर पर इस प्रकार की अनियमितताओ पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने और जनपद स्तर पर कड़ी निगरानी रखते हुए दोषियो के खिलाफ विधिसम्मत कारवाई सुनिश्चित करने कहा जिसके बाद जनपद सीईओ ने ब्लाक के सभी पंचायत सचिवों व सरपंचों को इस आदेश की जानकारी देते हुए कहा है कि पूर्व में जारी इस प्रकार के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। ग्रामसभा व हितग्राहियों को इससे अवगत कराते हुए अवैध निर्माण त्वरित रूप से रोका जाए और सरकारी, चारागाह या अन्य किसी भी प्राकर की सार्वजनिक जमीन पर निर्माण के लिए प्रस्ताव या पंचनामा तैयार ना करे। जनपद सीईओ ने जारी आदेश मे स्पष्ट कहा है कि इसके बाद भी यदि अधिनियम की धाराओं को उल्लंघन करते हुए नियम विरूद्ध काम किया जाता है तो संबंधित पर दंडात्मक कारवाई की जाएगी और व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित कर विधिक कारवाई की जाएगी।

# विचार गोष्ठी में शामिल हुए विप्लव

**खैरागढ़।** समता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समता सैनिक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित एक दिवसीय विचार संगोष्ठी में पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए।

विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और युवाओं की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में संगोष्ठी सत्र के प्रमुख अकादमिक वक्ता पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू ने समता सैनिक दल के इतिहास, उद्देश्य और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि समता सैनिक दल की स्थापना वर्ष 1926 में डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना था, जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। विप्लव साहू ने कहा कि आज भी समाज में व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने के लिए समता सैनिक दल की विचारधारा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठन के मूल सिद्धांतों को समझें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए आगे आए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने दल के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक योगदान और संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण में इसकी भूमिका पर चर्चा की।

संगोष्ठी सत्र मे प्रतिभागियों ने विचार-विमर्श करते हुए सामाजिक समरसता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# नि:शुल्क स्वीमिंग कक्षाएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने के पश्चात शाला के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन 22 अप्रैल से 20 मई तक स्थानीय गौरवपथ स्थित स्वीमिंग पूल में किया जा रहा है।

स्वीमिंग की कक्षाएं तीन पालियों में लगाई जा रही है। पहली पाली सुबह 6.30 से 7.30 बजे में कक्षा 6वीं से 12वीं तक की बालिकाएं, दूसरी पाली 7.30 से 8.30 बजे में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्र-छात्राएं व तीसरी पाली 8.30 से 9.30 बजे में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बालकों के लिए व्यवस्थित किया गया है। स्वीमिंग कक्षाओं के लिए प्रति पाली 30 बच्चों का पंजीयन निश्चित है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि तैराकी एक ऐसा व्यायाम है। जिसमें व्यक्ति के शरीर के सभी अंग एक साथ कार्य करते हैं, एकाग्रता बढ़ती है। साथ ही शारीरिक गतिविधि के लिए उत्तम है। तैराकी सभी को आनी चाहिए, क्योंकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को हम रोक नहीं सकते, किंतु पानी में होने वाली दुर्घटनाओं को हम तैराकी के माध्यम से अपना एवं किसी और को जीवन बचा सकते हैं। विगत वर्ष से शाला द्वारा स्वीमिंग की निःशुल्क कक्षाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश पर शाला के सभी छात्रों के लिए जारी है। इन कक्षाओं की पालकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। वर्तमान में 100 बच्चों ने पंजीयन कराया है, जिन्हें तैराकी का प्रशिक्षण विशेष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है।

# ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख 60 हजार की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम कांकेतरा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, ग्राम तिलई में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए एवं ग्राम बासुला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बच्चों के पैरेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी, प्राइमरी तथा मीडिल के बच्चों के पैरेंट्स के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर और हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

इस दौरान प्री प्राइमरी, प्राइमरी और मीडिल के शिक्षकों ने 21 सेंचुरी स्किल्स का शानदार वर्णन करते बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र योजनाबद्ध तरीके से संचालित होगा। उन्होंने प्रभावी क्लास टीचिंग के बारे में भी बताया। इस दौरान कई रोचक ग्रुप एक्टिविटी भी कराई गई, जो बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली पर आधारित रही। शिक्षकों ने एनईपी पर आधारित एक्टिविटीज बेस लर्निंग पर जोर दिया। कुल मिलाकर



ओरियंटेशन प्रोग्राम उपयोगी साबित हुआ।

आमंत्रित पालकों ने इस आयोजन की सराहना करते शैक्षणिक गतिविधि को प्रभावी बनाने आवश्यक सुझाव भी दिए। शिक्षकों ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की नियमावली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का शैक्षणिक सत्र नियमानुसार संचालित होगा। जिसमें बच्चों के अध्ययन के साथ उनकी स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज का भी विशेष ध्यान रखा गया है। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने विद्यालय की परीक्षा पद्धति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पालकों के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते उनका उचित समाधान बताया। उन्होंने 6वीं से 9वीं तक आयोजित सी-टॉप एक्जाम के बारे बताते कहा कि इस एक्जाम के जरिये बच्चे प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार हो रहे हैं।

### एक्टीविटिज बेस लर्निंग

हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने कहा कि कक्षा दूसरी से पांचवीं तक बच्चों की एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही है। जिसका बेहतर परिणाम देखने को मिल रहा है। इस दौरान पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। युगांतर परिवार ने इस ओरियंटेशन प्रोग्राम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए हर्ष प्रकट किया है।

# निर्वाचन व्यय संपरीक्षक एवं लेखा दल का गठन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका के लिए निर्वाचन व्यय अनुविक्षण दल हेतु निर्वाचन व्यय संपरीक्षक एवं लेखा दल का गठन किया है। इसके तहत लेखाधिकारी जिला पंचायत रोजेश कुमार तिवारी को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक तथा लेखापाल कार्यालय प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घुमका अतुल कुमार जैन व डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत राजनांदगांव संतोष देवांगन को लेखा दल का सदस्य नियुक्त किया गया है। सहायक ग्रेड 2 कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी घुमका छमाधर शुक्ला को रिजर्व में रखा गया है। इनका कार्यक्षेत्र रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत घुमका होगा।

# 10 जून तक नवीन नल कनेक्शन प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा नवीन नल कनेक्शन प्रदाय 10 जून 2026 तक प्रतिबंधित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में वार्डों में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने हेतु नवीन नल कनेक्शन निजी एवं कालोनी आवेदन पत्रों पर (अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर) 27 अप्रैल से 10 जून तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में पानी की खपत बढ़ जाती है, पानी खपत बढ़ने से कई उंचाई के क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई नहीं हो पाती। नए नल कनेक्शन देने से पानी की पूर्ति करने में बाधा पहुंचेगी। इस कारण वर्तमान में समुचित पेयजल सप्लाई के लिए नए नल कनेक्शन प्रतिबंधित करना होगा, ताकि पेयजल सप्लाई में परेशानी न हो। आयुक्त ने कहा कि प्रतिबंधित अवधि में निजी नल कनेक्शन मरम्मत एवं अन्य नल कनेक्शन संबंधित मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके लिए नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने पानी की आवश्यकतानुसार उपयोग कर नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है।

## तरूण ने छोटे-बड़े पशुओं का किया सफल ऑपरेशन

**राजनांदगांव।** पशु चिकित्सा के क्षेत्र में राजनांदगांव ने नया कीर्तिमान गढ़ा है। पशु



चिकित्सक जिले में पशु स्वास्थ्य और कल्याण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। डॉ. तरूण रामटेके प्रभारी वेटरनरी सर्जन जिला पशु चि कि त सा ल य लगातार ऑपरेशन कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि पशु सही समय पर इलाज पाए। दुर्घटनाग्रस्त और घायल पशुओं का ऑपरेशन गौ आरोग्य केंद्र मोहारा में कर उनकी जान बचाई जा रही है। अब तक डॉ. रामटेके द्वारा लगभग 200 छोटे और बड़े पशुओं का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। उन्होंने 32 मादा स्वान का स्पाईनिंग (बधियाकरण) भी किया है।

# जयंती पर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

## गांधी सभागृह में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भारत रत्न डॉ. बाबा साहब बीआर आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर स्वच्छ भारत, स्वच्छ छग, स्वच्छ राजनांदगांव के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करने वाली का सम्मान कार्यक्रम 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से प्रथम सत्र गांधी सभागृह में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, पार्षदगण शैंकी बग्गा, राजा माखीजा, रानू जैन, आलोक श्रोती, प्रियंका कुंजरेकर, लेमिन यादव, रीना सिन्हा, केवरा विजय राय, रविकांता मेश्राम, श्रद्धनंद गनवीर, प्रदिक्षा हरबल, सालिकराम बनसोड, डॉ. दिवाकर रंगारी, डॉ. अंर्चना रंगारी, डॉ. रश्मि साव, सीएल शुक्ला, डॉ. सतीश मेश्राम व अध्यक्षता एसके सहारे ने की।

### भारत का संविधान पूरे विश्व में उत्कृष्ट

कार्यक्रम को संबोधित करते महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि भारत का संविधान भारत में ही नहीं पूरे विश्व में उत्कृष्ट है। आज हमें शपथ लेना चाहिए कि डॉ. बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाना होगा, उनके बताए मार्गों पर चलना होगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत स्वच्छ छग कार्यक्रम के अंतर्गत को स्वच्छ करने वाली स्वच्छता दीदीयों को बधाई देकर अपने हाथों से पृस्कृत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वच्छता दीदीयों के कार्य की प्रशंसा की तथा उन्हें अपने हाथो से पुरस्कृत भी किया। उक्त जानकारी एसके भालाधरे ने दी।

## 15 दिवस के भीतर सभी व्यवस्थाएं ठीक करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने तुमड़ीबोड़ के योगाभ्यास में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने संचालित विशेष योग अभियान के अंतर्गत कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को प्रातः डोंगरगांव विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ योगाभ्यास सत्र में शामिल हुए। उन्होंने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा उपस्थित ग्रामीणों को नियमित योग करने प्रेरित किया।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने लू से बचाव, पर्याप्त पानी सेवन, हल्का एवं पौष्टिक आहार लेने के साथ-साथ नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दिनचर्या में कम से कम एक घंटा स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है और इसे अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और स्वस्थ रहने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।



### कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर विकास कार्यों एवं मूलभूत आवश्यताओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के शिकायत पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ स्टाफ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्टाफ को नियमित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 15 दिवस के भीतर स्वास्थ्य केन्द्र की सभी व्यवस्थाएं सुधार करने के लिए निर्देशित किया।

### अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, अस्पताल सलाहकार विकास राठौर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### दिया जा रहा आवश्यक परामर्श

योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से बचाव एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा मंडूकासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए जा रहे हैं। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बीपी एवं शुगर की नियमित जांच कर आयुष चिकित्सकों द्वारा संतुलित आहार एवं जीवनशैली सुधार के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है।

## सार समाचार

### सीएससी डोंगरगांव का रेडियोग्राफर निलंबित

**राजनांदगांव।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें रायपुर संभाग रायपुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में पदस्थ रेडियोग्राफर भोजकुमार साहू को पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही एवं गंभीर अनुशासनहीनता बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के रेडियोग्राफर भोजकुमार साहू द्वारा शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने, पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने, शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करने, उच्च अधिकारियों से अनुचित वार्तालाप करने तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। भोजकुमार साहू का कृत्य गंभीर अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही के श्रेणी में होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों के शर्तों का उल्लंघन है। निलंबन अवधि के दौरान भोजकुमार साहू का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन जिला दुर्ग निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### यश जिला कोषाध्यक्ष और आशीष बने मंडल अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा युवा मोर्चा में संगठन विस्तार करते युवा नेताओं को अहम पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा मोर्चा के कर्मठ




कार्यकर्ता आशीष पारख को भाजपा युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं आशीष जैन को दक्षिण मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों ही पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

युवा मोर्चा में अहम जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष यश पारख और युवा मोर्चा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष आशीष जैन ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरीहा, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

### निगम का बजट जुमलों का पुलिंदा : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय



मिश्रा ने राजनांदगांव नगर निगम द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा कि यह पूरी तरह से जुमलों का पुलिंदा और जमीन से कटा हुआ दस्तावेज है। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 15 लाख रुपए के लाभ का बजट बताकर शहर की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। पिछली बार लगभग 23 लाख घाटे का बजट था। जबकि हकीकत यह है कि यह बजट केवल कागजी घोषणाओं और अधूरे वादों का ढेर है।

### लोकतंत्र से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : विपिन

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि महिला आरक्षण एवं परिसीमन के मुद्दे पर देशभर में चल रही बहस के



बीच कांग्रेस पार्टी का रूख पूरी तरह स्पष्ट और ऐतिहासिक रूप से प्रमाणित है। कांग्रेस महिलाओं के अधिकार, सम्मान और उनकी राजनीतिक भागीदारी की सबसे मजबूत पक्षधर रही है। यह वही कांग्रेस है, जिसने देश को इंदिरा गांधी जैसी सशक्त और निर्णायक महिला प्रधानमंत्री दी। विश्व को यह संदेश दिया कि महिलाएं नेतृत्व और क्षमता में किसी से कम नहीं है।

### छबीलाल बने महामंत्री

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में युवाओं को सशक्त भूमिका देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिसमें राजनांदगांव



ग्रामीण मंडल पूर्व में युवा मोर्चा छबीलाल यदु को महामंत्री, गोपाल साहू को अध्यक्ष एवं शत्रुहन मानिकपुरी को युवा मोर्चा का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही आशीष साहू, गौरव साहू, विपुल साहू, हेमंत गंधर्व भी साथ में रहे। यह निर्णय न केवल युवाओं के प्रति विश्वास को दर्शाता है, बल्कि संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला भी है। उन्होने इस दायित्व के लिए जिला भाजपा संगठन के नेताओं का आभार व्यक्त किया है।




**राजनांदगांव।** कायस्थ सभा-कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## सांस्कृतिक धरोहर को सहजने केंद्र सरकार ने की पहल

# पाण्डुलिपि को मिलेगी डिजिटल पहचान जिले में सर्वेक्षण अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा एवं बौद्धिक विकास की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों अन्य धरोहरों को संरक्षित एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से ज्ञानभारतम मिशन प्रारंभ किया गया है। इस मिशन अंतर्गत पांडुलिपियों, ताड़पत्रों, दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों व चित्रकारी के संस्थागत (निजी एवं सरकारी) संग्रह केन्द्रों एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं का चिन्हीकरण व सर्वेक्षण किया जाएगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ज्ञानभारतम मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पांडुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण गतिविधियां संचालित करने हेतु जिले अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को नोडल अधिकारी व सर्वेक्षणकर्ता नियुक्त किया गया है। सर्वेक्षण कार्य गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क डाउनलोड हेतु उपलब्ध मोबाइल एप्लीकेशन ज्ञान भारतम मोबाईल एप के माध्यम से किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सर्व संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों एवं सर्वेक्षणकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने एवं सर्वेक्षण कार्य से संबंधित अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।



### मंदिर, मठ और आश्रम में सर्वे

राजनांदगांव जिला अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पाण्डुलिपि स्थित होने के संभावित क्षेत्र संस्कृति महाविद्यालय, निजी एवं सरकारी पुस्तकालय, संग्रहालय, शिक्षण एवं शोध संस्थान, संस्कृत पाठशालाएं, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरूकुल, ट्रस्ट एवं निजी संग्रहकर्ता, पुरोहित, धर्माचार्य, ज्योतिषाचार्य, आयुर्वेदाचार्य, संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वानों अन्य को चिन्हीकरण व सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा।

### मोबाइल एप के जरिये सर्वेक्षण

जिले अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कहीं भी पांडुलिपि की उपलब्धता के आधार पर नागरिकों द्वारा स्व-प्रेरणा से स्वयं भी यह सर्वेक्षण कार्य ज्ञानभारतम मोबाइल एप के माध्यम से किया जा सकता है। जिससे संबंधित जानकारी हेतु जिला स्तर पर नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स प्रणीता शर्मा के मोबाइल नंबर 8120758970, केपी विश्वकर्मा के मोबाइल नंबर 9827152229, शतदल पात्रो के मोबाइल नंबर 7879088180, कल्याणी सिन्हा के मोबाइल नंबर 8103757894 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में अभी तक मिली 3 पांडुलिपि

ज्ञानभारतम मिशन के तहत राजनांदगांव जिला अंतर्गत अब तक 3 पांडुलिपियां प्राप्त हुई है। जिसमें पहला पांडुलिपि दिग्विजय कॉलेज राधाकृष्ण मंदिर में प्राप्त हुआ है। जिसमें संस्कृत भाषा में धार्मिक श्लोक व मंत्र इत्यादि लिखे हुए हैं। दूसरा पांडुलिपि दिग्विजय कॉलेज में इतिहास के प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र सिंह के पास हस्तलिखित पांडुलिपि प्राप्त हुआ है, जो धार्मिक एवं अवधि भाषा (सन 1870 से 1890 ई.) में लिखा हुआ है। तीसरी पांडुलिपि छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम रतनभाट में रहीम मियां के घर एक ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें हथेली का निशान निर्मित है। इसमें फारसी एवं उर्दू में कुरान के संदेश लिखे हुए हैं। यह ताम्रपत्र रहीम मियां के घर 3-4 पीढ़ी पूर्व से रखे हुए हैं।

### निशांत को मिला रीजनल प्रतियोगिता में रजत पदक

**राजनांदगांव।** केंद्रीय विद्यालय के रीजनल प्रतियोगिता में निशांत गुर्जर ने रजत पदक जीता। जिला पुलिस तथा अभिलेख



अग्रहरि कल्याण फाउंडेशन की पहल से बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण मिल रहा। विगत 7 साल से संचालित अकादमी में ग्रामीण तथा शहरी बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय लेवल तक पहचान दिलाना तथा बेहतर खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पहले की तरह आईबी ग्रुप के विशेष सहयोग से बच्चों को खेल सामग्री दी गई है।

### हाईकोर्ट में रोक लगने से कार्यकर्ताओं में खुशी



**राजनांदगांव।** अमित जोगी के मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में रोक लगाए जाने पर प्रदेश कार्यकारी शमसुल आलम के नेतृत्व में महाकाल चौक में मिठाई बांटकर एवं पटाके फोड़कर खुशी जाहिर की।

## इंदिरानगर वार्ड में कांग्रेस की बूथ का गठन

**राजनांदगांव।** कांग्रेस पार्टी के बूथ गठन को लेकर शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार की उपस्थिति में इंदिरा नगर वार्ड क्र. 41 के सार्वजनिक सामुदायिक भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मामराज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश जोशी, कीर्ति गुप्ता, दीपक सिन्हा, अशोक पंजवानी का कांग्रेस नेता राजेश कुमार द्वारा चंदन तिलक एवं पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक पंजवानी तथा आभार प्रदर्शन राजेश कुमार द्वारा किया गया। बैठक में नंदलाल विश्वकर्मा, राधे यादव, मोहन साहू, रमेश यादव, शोभाराम यादव, शिव ढीमर, होरीलाल यादव, गुड्डू साहू, झूमूक ढीमर, पितांबर,



तोरन सिन्हा, दिलीप सिन्हा, तारा साहू, शकाल यादव, कन्हैया यादव, होरीलाल यादव, बिंदु साहू, राधा साहू, दुर्गा यादव, अपरा यादव, उर्मिला यादव, उर्मिला सिन्हा, मीरा यादव, शुक्रवारोबाई, सोनी विश्वकर्मा, श्यामबाई विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नानूक विश्वकर्मा, तोरन सिन्हा, देवेंद्र यादव, राजेंद्र रजक, अनुप कुमार गुप्ता, खेलूराम साहू, पंचम आदि उपस्थित थे।

### की जाएगी समीक्षा

बैठक को संबोधित करते शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर का मजबूत संगठन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तीन माह में बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान इंदिरा नगर के नागरिकों ने क्षेत्र में बरसात के समय होने वाली जलभराव की गंभीर समस्या को उठाया। नागरिकों ने नाले के चौड़ीकरण एवं गहरीकरण के साथ-साथ उस पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग रखी। जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि पूर्व में भी जन आंदोलन के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया गया था और यदि आवश्यकता पड़ी तो पुनः जनहित में आंदोलन कर नगर निगम प्रशासन का घेराव किया जाएगा।

## कृष्ण कुमार दाऊ रामचंद्र देशमुख सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक चेतना के पुरोधा एवं चंदैनी गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद्र देशमुख के चंदैनी गोंदा में बाल कलाकार के रूप में जुड़कर लगभग पंद्रह वर्षों तक अपने कक्षा शिक्षक लोक संगीत शिल्पी गुरूवर खुमानलाल साव एवं डीआर नावेलकर के सानिध्य में रहते छत्तीसगढ़ी नृत्यों में अपना योगदान देते रायगढ़ दरबार के दरबारी नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महन्त के शिष्यत्व में रायगढ़ घराना कथक नृत्य परंपरा का शिक्षण प्राप्त किया।

तत्पश्चात विश्व विख्यात पदम विभूषण पं. बिरजू महराज से लखनऊ घराना कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त किया। डॉ. सिन्हा चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय की स्थापना



कर विगत 44 वर्षों से शास्त्रीय एवं लोक कला की सेवारत हैं।

18 अप्रैल को सप्त स्वर रायपुर द्वारा एक गरिमापूर्ण समारोह में वरिष्ठ लोक गायिका जयंती यादव, लोक कला मर्मज्ञ प्रो. सुरेश देशमुख एवं डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा को दाऊ रामचंद्र देशमुख सम्मान 2026 से पद्मश्री मदन चौहान, सांस्कृतिक प्रकोष्ट के संयोजक अनुपम पाल, अरविंद मिश्रा, संयोजक भारतीय सांस्कृतिक निधि (छग) के आतिथ्य में उदय दास के संयोजन में संस्कृति विभाग के मुक्ताकांशी रायपुर में सपंन्न हुआ।

उपरोक्त जानकारी युवा तबला वादक शरद मेश्राम ने दी।

## मौखिक प्रश्नोत्तर सत्र की सराहना

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स



कान्वेंट में आयोजित मौखिक प्रश्नोत्तर सत्र को अभिभावकों ने सराहा। ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र के दौरान शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का छात्रों ने कुशलतापूर्वक उत्तर दिया। उक्त आयोजन निदेशक संजय बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित मौखिक प्रश्नोत्तर सत्र ने अभिभावकों को खूब प्रभावित किया। माता-पिता की मौजूदगी में चले इस ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र में छात्रों ने शिक्षकों के हर सवाल का सटीक और आत्मविश्वास भरा जवाब दिया, जो देखने में अत्यंत प्रेरणादायक था। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, उप प्राचार्य ममता मिश्रा एवं सरिता सिंह तथा पालकगण ने इस पहल की सराहना की है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों का रजिस्ट्रेशन नेक्स्ट सेशन के लिए किया जा चुका है, फिर भी यदि किसी पैरेंट को किसी भी मैटर पर किसी भी विषय में कोई भी दिक्कत या तकलीफ या कोई ईशू है या कोई समस्या है या कोई सलाह है तो वह इस शनिवार तक ऑफिस कार्यालय अवधि के बीच में संपर्क कर सकते हैं।

## तहसीलदारों का स्थानांतरण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार एलबी नगर अमीय श्रीवास्तव को प्रभारी तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ पदस्थ किया गया है। तहसीलदार डोंगरगढ़ नीलकण्ठ जनबंधु को तहसीलदार तहसील कार्यालय एलबी नगर पदस्थ किया गया है। नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ शसत्यपाल यादव को तहसील कार्यालय डोंगरगांव, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव चिराग रामटेके को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, नायब तहसीलदार तह. कार्या. डोंगरगांव सुश्री झरना राजपूत को तह. कार्या. डोंगरगढ़ एवं नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ सुश्री मेघा जैन को तहसील कार्यालय तुमड़ीबोड़ (डोंगरगांव) में नवीन पदस्थापना दी गई है। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया गया है।

## बजट के 24 घंटे के अंदर प्रारंभ किया क्रियान्वयन

■ वार्षिक शुल्क के लिए 3 शासकीय स्कूलों में राशि का वितरण

**राजनांदगांव।** निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था बजट प्रावधान क्रियान्वयन अंतर्गत गुरुवार को महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत आलोक श्रोती तथा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में महापौर ने ठा.प्यारेलाल सिंह उ.मा.शाला के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह बघेल, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा.शाला की प्राचार्य पूर्णिमा शुक्ला तथा पदुमलाल पुनालाल बक्शी



उ.मा.शाला की प्राचार्य सुनिता खरे को स्कूल की निर्धन छात्राओं के वार्षिक शुल्क जमा करने 30-30 हजार रुपए का चेक दिया। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 22 अप्रैल 2026 को आहुत बैठक में सदन में पेश किया गया। बजट में विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट पारित होने के 24 घंटे के अंदर महापौर श्री यादव ने निर्धन छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था संबंधी प्रावधान का क्रियान्वयन करने निर्देशित किया। प्राचार्य निर्धन छात्राओं का फीस जमा करेंगे। जिससे छात्रा के शिक्षा में व्यावधान उत्पन्न नहीं होगा। कार्यक्रम में सुनील साहू, राजेश जैन रानू, बीना ध्रुव, सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, वर्षा सिन्हा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, खेमीन यादव, संदीप बघेल, शिव वर्मा, मनोहर यादव, अपूर्वा श्रीवास्तव, प्रमोद झंझाडे, कुलेश्वर ध्रुव, प्रियंका कुरंजेकर, चंद्रशेखर लश्करे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, अमृता सिन्हा व अन्य लोग उपस्थित थे।

मेडिसिन विभाग के डॉक्टर

DR. RAMESH MOHABEY
MBBS, MD

DR. KETAN ASHOKRAO NIKHADE
MBBS, MD (GENERAL MEDICINE)
OPD TIME
MORNING 9 AM - 1 PM
EVENING 7 PM - 9 PM
आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध।

DR. CHINMAY DAKALIA
MBBS, MD (GENERAL MEDICINE)
OPD TIME
EVENING 7 PM - 9 PM
आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध।

अन्य सेवाएं: बाल रोग(PEDIATRICS), स्त्री रोग(GYNECOLOGY), हड्डी रोग (ORTHOPEDICS) एवं जनरल सर्जरी (GENERAL SURGERY)

DKM
डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल
6232021001 / 6232021002
Baldevbagh,Rajnandgaon

### सावधानी ही सुरक्षा : बिजली लाइनों से दूरी बनाए रखें

# बिजली चोरी पर होगी कड़ी कार्रवाई: सीई


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विद्युत दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते उपभोक्ताओं से बिजली के प्रति सजग रहने की पुरजोर अपील की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते बिजली उपयोग और विस्तृत वितरण प्रणाली के बीच एक छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

श्री सेलट ने बताया कि अक्सर गर्मी और प्री-मानसून सीजन में निर्माण कार्यों के दौरान दीवारों की तराई करते समय, राजमिस्त्री द्वारा काम करते समय या बिजली लाइनों के पास लोहे की सीढ़ी व एंगल के टकराने से दुखद हादसे होते हैं। इसके अलावा शादी-ब्याह के पंडालों, खेतों में अवैध बिजली प्रवाह और जीआई (लोहे) के तारों पर कपड़े सूखाने जैसी छोटी गलतियां भी बड़े हादसों को निमंत्रण देती है।

### जागरूक बनें, सुरक्षित रहें

ईडी श्री सेलट ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वयं जागरूक बने और अपने आसपास के लोगों को भी सुरक्षित बिजली उपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बिजली के उपयोग में थोड़ी सी अज्ञानता या लापरवाही आपके पूरे परिवार के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। बिजली का वैध और सुरक्षित उपयोग ही आपकी सुरक्षा की गारंटी है।




### अवैध कनेक्शन और बिजली चोरी पर कड़ी कार्रवाई

कार्यपालक निदेशक ने कहा कि जो भी व्यक्ति आपूर्ति लाइनों से अवैध कनेक्शन (कटिया) लेता है, कम खपत दर्ज करने के लिए मीटरों से छेड़छाड़ करता है या अनाधिकृत उद्देश्यों के लिए बिजली का उपयोग करता है, उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माने के साथ-साथ तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

### सुरक्षा के दिए निर्देश

लाइनों के नीचे निर्माण से बचें, 33 केव्ही, 11 केव्ही या एलटी लाइनों के नीचे निर्माण कार्य न करें। यदि अनिवार्य हो तो विभाग में आवेदन देकर लाइन शिफ्ट कराएं या सुरक्षित दूरी बनाए रखें। आंधी-तूफान में टूटे तारों या गिरे खंभों को हाथ न लगाएं, वे ऊर्जित हो सकते हैं। इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें। बिजली लाइनों के पास लोहे की सीढ़ी, लंबे पाइप या गीले बांस का उपयोग कतई न करें। हाई-वोल्टेज बिजली हवा के माध्यम से भी आर्क बना सकती है। खेतों या घरों में कटिया लगाकर या असुरक्षित तरीके से बिजली का उपयोग करना कानूनन अपराध और जानलेवा है।

### चेम्बर ने मेयर का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से मिलकर जनता के हित में लिए गए फैसलों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

साथ ही शहर की जर्जर एवं अनुपयोगी इमारतों को पुर्नस्थापित करते जनता के उपयोग हेतु लिए गए निर्णयों का मुक्तकंठ से प्रशंसा करते चेम्बर्स ऑफ कामर्स ने इसे शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद एवं महामंत्री अरूण डुलानी ने कहा कि महापौर मधुसूदन की संवेदनशीलता के कारण ही शहर की जनता राहत की सांस ले रही है। श्री बैद ने कहा कि संपत्ति कर वापस लेने के मामले में चेंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री अमर लालवानी, राजकुमार बाफना, रानू जैन, महेश खंडेलवाल, आनद चोपड़ा, नादान सेन, आलोक श्रोती, पारस वर्मा, सावन वर्मा, हरीश शर्मा, शेखर लश्करे, पकंज कुंजरेकर, रवि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में चेम्बर्स के सदस्यगण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### किसानों को समय पर केसीसी चेक मिलने से उत्साह



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित सेवा सहकारी समिति में किसानों को समय पर केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के चेक वितरित किए जा रहे हैं, जिससे किसानों में खुशी का माहौल है। समिति प्रबंधक दीप चंद्राकर के नेतृत्व में किसानों को समय पर चेक मिलने से उन्हें खाद-बीज की व्यवस्था करने में सुविधा हो रही है। साथ ही शादी-ब्याह के सीजन में भी यह राशि किसानों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। जिस पर कोलेगांव समिति के अंतर्गत ग्राम बसनी, घोरपेंड्री, खैलटोकरी, सूरजपुरा एवं रेहुटा के किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया है।

### नेवारीगुड़ा में पोषण पखवाड़ा आयोजित



**बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारीगुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में 8वें पोषण पखवाड़ा-2026 का समापन गुरुवार को किया गया। यह अभियान 9 से 23 अप्रैल तक संचालित किया गया, जिसमें जनभागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और जीवन के पहले छह वर्षो में बच्चों के समुचित विकास को केंद्र में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से रैलियां, स्वास्थ्य जांच शिविर, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पौष्टिक आहार प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी शिक्षिका श्रीमती केशर डाहिरे एवं चम्पा कोसरिया ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छोटे बच्चों में पोषण संबंधी व्यवहारों में सुधार लाना है। साथ ही पोषण वाटिका स्थापना और पोषण ट्रैकर के माध्यम से नियमित निगरानी पर भी विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों को कुपोषण के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य जन आंदोलन के रूप में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण को कम करना है।

### सेमरकोना सरपंच की सराहनीय पहल



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत सेमरकोना की सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे द्वारा सामाजिक सरोकार का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में लगभग 10 परिवारों को दशगात्र कार्यक्रम में अनुदान राशि के साथ चांवल एवं तेल प्रदान कर सहयोग किया है। इसी कड़ी में हाल ही में स्व. बुधारी बर्मन के निधन पर उनके परिवार के दुख की घड़ी में सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे ने एक क्विंटल चांवल, एक टिन तेल एवं 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सरपंच ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि गांव का हर व्यक्ति सुखी रहे और वे हर सुख-दुख में ग्रामीणों के साथ खड़ी रहें। उनके इस कार्य की पूरे गांव में सराहना की जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि हर पंचायत प्रतिनिधि इसी तरह योगदान दे, तो गांव का विकास और आपसी भाईचारा दोनों मजबूत होंगे।

### एक ही खेत में डबल फसल, गन्ना-गेहूं की खेती से किसान की बढ़ी आय



**बरबसपुर।** जिले के ग्राम नाऊडीह में ग्रामीण किसानों द्वारा नवाचार आधारित खेती का उदाहरण सामने आया है। यहां किसान बद्री वर्मा ने गन्ना और गेहूं की संयुक्त खेती कर उल्लेखनीय उत्पादन प्राप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गन्ने की फसल अभी अंकुरित होकर हरी-भरी अवस्था में विकसित हो रही है, वहीं गेहूं की फसल पूर्ण रूप से पककर तैयार हो चुकी है। वर्तमान में किसान गेहूं की कटाई कर एक-एक दाना समेटने में जुटे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद खेतों में किसान और मजदूर लगातार मेहनत कर रहे हैं, ताकि समय पर उपज सुरक्षित की जा सके। यह प्रयोग दर्शाता है कि सीमित संसाधनों में भी उन्नत तकनीक और समुचित प्रबंधन के जरिए किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। एक ही खेत में दो फसलों की पैदावार से न केवल भूमि का अधिकतम उपयोग हो रहा है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की बहु-फसली प्रणाली (मल्टी क्रॉपिंग) को अपनाकर किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। जिले में इस पहल को अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

### ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव की बुनियादी समस्याओं को लेकर की चर्चा

# जेवडन खुर्द में विकास की मांग, सड़क बैंक, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जेवडन खुर्द में ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव की बुनियादी समस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा की। बैठक में सड़क, चिकित्सा, सुरक्षा, बैंक सुविधा, धार्मिक स्थल विकास और उप स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

ग्रामीणों ने सामूहिक पहल के माध्यम से समस्याओं के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। ग्रामीण कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए गांव में पुलिस चौकी की स्थापना आवश्यक है। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और बढ़ते विवादों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। बोधन चंद्रवंशी ने भी कहा कि गांव में अब पहले जैसी शांति नहीं रही, छोटे-छोटे विवाद बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस की उपस्थिति जरूरी है। वहीं ग्रामीण द्वारिका चंद्रवंशी ने बताया कि मां महामाया मंदिर परिसर में बारिश के दौरान कीचड़ की समस्या गंभीर हो जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई होती है। उन्होंने यहां पक्की सीसी सड़क निर्माण की मांग की, ताकि आवागमन सुगम हो सके। लालाराम चंद्रवंशी ने बताया कि शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण शाम के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

परिसर में शराब की बोतलें और कचरा मिलने से विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्कूल की सुरक्षा के लिए शीघ्र बाउंड्रीवॉल निर्माण की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण विशेषकर गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि यहां उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाए तो आसपास के 10-12 गांवों के लोगों को भी लाभ मिल सकेगा।

### सामूहिक पहल से समस्याओं के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प




#### जर्जर सड़क से आवागमन बाधित

अशोक चंद्रवंशी ने बताया कि जेवडन खुर्द चौक से गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क अब जर्जर हो चुकी है। मरम्मत के अभाव में आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि इन सभी समस्याओं पर शीघ्र ध्यान देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि गांव में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ हो सकें और लोगों को राहत मिल सके।

#### महिला व बुजुर्गो की बढ़ी परेशानी

टेकराम चंद्रवंशी ने बताया कि गांव में सरकारी बैंक नहीं होने से महिलाओं और बुजुर्गो को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। महतारी वंदन योजना और किसान सम्मान निधि की राशि निकालने के लिए लोगों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। गांव में बैंक खुलने से बड़ी राहत मिल सकती है।

# जिले के पांच खिलाड़ियों ने शालेय बेसबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वी शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल मिनी एवं जूनियर वर्ग साथ ही सॉफ्टबॉल मिनी बालक-बालिका वर्ग के प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से तान्या सिन्हा, दीक्षांत यादव, मयंक टंडन, चंद्रेश कोर्राम, लक्ष्य लांझी का बेसबॉल मिनी एवं जूनियर वर्ग में चयन हुआ था, वही गुनिस्का जांगड़े का सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में कुल 06 खिलाड़ियों का चयन हुआ था साथ ही कोच के रूप में व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, राजा जोशी को नियुक्त किया गया था, वही छत्तीसगढ़ बेसबॉल टीम के दल प्रबंधक अख्तर खान रहे इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बेसबॉल के चारों ग्रुप ने सिल्वर मेडल लगाया है।

वही सॉफ्टबॉल अंडर 14 वर्ष बालक-बालिका ने भी लीग मैच में जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़, तेलंगाना, विद्या भारती जैसे टीम को एक तरफा मात देते हुए दोनों वर्ग ने पुल टॉप किया और क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जहां छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल बालक टीम का मुकाबला सीबीएसई के साथ तो बालिका टीम का मध्यप्रदेश के साथ हुआ दोनों वर्गो का मैच बहुत संघर्ष भरा रहा परन्तु छत्तीसगढ़ की दोनों वर्गो हार का सामना करना पड़ा और इस प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।

#### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इस पूरे मुकाबले में कवर्धा की गुनिस्का जांगड़े ने भी अपना खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। जिस पर अकेडमी के 05 खिलाड़ियों का बेसबॉल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक गजराज सिंह ठाकुर, निज सहायक नरेंद्र मानिकपुरी, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के संचालक पवन देवांगन, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीसी रोड निर्माण के बाद छात्राओं को मिलेगी सुविधा



■ सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों व छात्राओं में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत भगतपुर अंतर्गत ग्राम धनेली में सीसी रोड निर्माण का कार्य विधि विधिन से पूजा अर्चना कर किया गया। वहीं सीसी रोड निर्माण कार्य के बाद छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। बताया जाता है कि बरसात के दिनों में कीचड़ से लथपथ सड़क होने के कारण स्कूली छात्राओं को भारी परेशानी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरपंच कपिल चंद्राकर ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को अवगत कराया था। जिस पर विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की। इसके बाद सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपसरपंच दिनेश साहू, पंच भागवत साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं सीसी रोड सड़क निर्माण से ग्रामीणों और छात्राओं में खुशी का माहौल है।

# कालेज में जिला स्तरीय ज्ञान भारतम् पांडुलिपि पर कार्यशाला

**कवर्धा।** शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा में बुधवार को ज्ञान भारतम् पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं इतिहास विभाग के संयोजक डॉ राकेश चंदेल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहासविद् महेश आमदे, टीपी दुबे एवं अजय चंद्रवंशी उपस्थित थें।

वक्ताओं ने पांडुलिपियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने का माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान भारतम् ऐप का लाइव प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया, जिसमें पांडुलिपि सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। इस लाइव डेमो के माध्यम से प्रतिभागियों को ऐप के उपयोग, पंजीयन, डेटा एंट्री एवं सर्वेक्षण कार्य की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई, जिससे कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं व्यावहारिक बन गई। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सदस्य डॉ डिप्टी जांगड़े, संतोष डहरिया, जय मेहरा, डॉ सीमा मंडावी, केके देवांगन सहित अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थें। एनएसएस के स्वयं सेवकों छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# डेढ़ साल में उखड़ गई 10 लाख की सीसी सड़क

**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर में निर्मित सीसी सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग 10 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित सीसी रोड सड़क डेढ़ वर्ष के भीतर ही जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होकर दरारों से भर गई है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों में नाराजगी देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायती राज चुनाव के दौरान अगरमन के घर से संतोष के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। स्वीकृति के बाद ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाते हुए डबराभाट मार्ग पर सड़क का निर्माण कराया गया। हालांकि निर्माण के कुछ ही वर्ष बाद सड़क की सतह पर मोटी-मोटी दरारें उभरने लगीं, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई। यदि कंक्रीट और अन्य सामग्री का उपयोग सही अनुपात और तकनीकी मानकों के अनुसार किया गया होता, तो इतनी जल्दी सड़क खराब नहीं होती। वर्तमान स्थिति में सड़क का कई हिस्सों में टूट-फूट होना स्पष्ट रूप से निर्माण कार्य में लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। जिस पर स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी, संबंधित इंजीनियर और जांच मूल्यांकनकर्ताओं की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाया है। उनका कहना है कि यदि निर्माण के समय सही निरीक्षण और मूल्यांकन किया गया होता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।



#### चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 03/2026
पेशी तारीख 24/04/2026
प्रोसेस नंबर 199/2026

गौरव सूर्यवंशी ----------------------आवेदक
बनाम
एच.डी.एफ.सी. लाइफ इंश्योरेंस कार्पो. वगैरह -------
-----------------------------अनावेदकगण

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 24.04.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 25 माह 03 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर
(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

#### चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 04/2026
पेशी तारीख 24/04/2026
प्रोसेस नंबर 200/2026

गौरव सूर्यवंशी ----------------------आवेदक
बनाम
पोस्ट मास्टर भारतीय डाक तार विभाग वगैरह -------
-----------------------------अनावेदकगण

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 24.04.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।


आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 25 माह 03 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर
(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### जनगणना, आवास सहित अन्य विषयों पर होगी चर्चा

# पंचायतों में आयोजित होगी विशेष ग्रामसभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो मे और उनके आश्रित ग्रामो में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन होगा।

ग्राम सभा मे उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा द्वारा ग्रामीणों को संबोधित किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने संपदा एप्प में परिसंपत्तियों को अपलोड करने, मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवा तरिया आय के जरिया जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बात होगी। इसके साथ ही जनगणना के लिए स्वयं गणना पत्रक भरने एवं इससे संबंधित जानकारियां पर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम सभा के आयोजन हेतु कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा द्वारा जिले के सभी ग्राम पंचायतो को पूर्व से निर्देश जारी किए गए है। जारी निर्देश में कहा गया है की ग्राम सभा में गांव के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित करते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ग्राम सभा मे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत लखपति दीदियों का सम्मान, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान होगा।

#### 24 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवा तरिया आय का जरिया पर ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन कर नय कार्य के लिए सुझाव लिए जाएंगे। स्वच्छता के साथ अन्य विषय पर भी ग्रामीण चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। जिले के ग्रामीणों से अपील की जाती है कि वह अपने ग्राम सभा में अधिक से अधिक उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी : लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का धान घोटाला अब फाइलों में दफन**

# कोदवागोडान धान घोटाला में एक कर्मी सिर्फ बलि का बकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सीजन समाप्त होने के साथ ही जिले में नित नए घोटालों की परतें भी खुलने लगी हैं, लेकिन कोदवा गोडान धान खरीदी केंद्र में वर्ष 2024-25 में हुआ लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का धान घोटाला अब फाइलों में दबने लगा है।

सवाल यह है कि आखिर इस करोड़ों की अफरा-तफरी की जांच अचानक ठंडे बस्ते में क्यों चली गई? प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर अब तक केवल केन्द्र प्रभारी रमाशंकर को मुख्य आरोपी मानकर पूरी जिम्मेदारी उसी पर डाल दी गई है। लेकिन धरातल की सच्चाई कुछ और ही इशारा कर रही है।

विशेषज्ञों और स्थानीय जानकारों का मानना है कि हजारों क्विंटल धान की हेराफेरी किसी एक कर्मचारी के बस की बात नहीं है और फिर यह घोटाला एक दिन की उपज नहीं है, बावजूद इसके सिस्टम में बैठे जिम्मेदार लोगों ने इसे अनदेखा किया।



### क्षेत्रवासियों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

क्षेत्र के किसानों और जागरूक नागरिकों की मांग है कि इस मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। केवल एक कर्मचारी पर गाज गिराकर मामले को रफा-दफा करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। कोदवा गोडान का यह मामला महज एक वित्तीय अनियमितता नहीं है, बल्कि यह उस भरोसे का कत्ल है जो किसान और सरकार प्रशासन पर करते हैं।

### बड़े मगरमच्छों को संरक्षण

केन्द्र प्रभारी तो मात्र एक क्रियान्वयन कर्ता होता है, हर जगह हर बार सिर्फ केन्द्र प्रभारी को ही दोषी बताया जाता है। अगर इतना बड़ा घोटाला बिना किसी को पता लगे केंद्र प्रभारी कर पाता है तो फिर बाकी सिस्टम का क्या औचित्य फिर क्यों निगरानी और देखरेख के नाम पर इतने लोगों का ताम झाम लगाया जाता है। अब तक की जांच में अन्य जिम्मेदारों की भूमिका को नजरअंदाज करना कई संदेह पैदा करता है। क्या केंद्र प्रभारी को इसलिए आगे किया गया है ताकि व्यवस्था के बड़े मगरमच्छ सुरक्षित रह सकें। यदि एक अदना कर्मचारी इतने कड़े पहरे के बीच डेढ़ करोड़ का चूना लगा सकता है, तो फिर प्रशासन के उन तमाम निरीक्षणों और औचक जांचों का औचित्य ही क्या रह जाता है?

### जांच और निगरानी की लंबी कतार, फिर भी अंधेर नगरी

वहीं, इसी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी का जुड़ाव होने के कारण संगठन की स्थिति पर भी सवाल उठने लगे हैं। इतने बड़े स्तर पर जनप्रतिनिधियों का असंतोष संगठनात्मक समन्वय के लिए चुनौती बन सकता है। नियमों के तहत अब प्रशासन द्वारा विशेष बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें मतदान के जरिए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होगा। प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में जनपद पंचायत के नेतृत्व में बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है। फिलहाल बोड़ला की सियासत में यह घटनाक्रम संकेत दे रहा है कि शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ असंतोष अब खुलकर सामने आ चुका है और आने वाले दिनों में इसके राजनीतिक मायने और गहरे हो सकते हैं।

# वनांचल में युवक से लूट के बाद जानलेवा हमला

## जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से बची पीड़ित की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

कुकदुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चियाडांड़ निवासी शिकारी राम बैगा के साथ ग्राम बदौरा के पास लूट और जानलेवा हमले की वारदात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पंडरिया जाते समय ग्राम साल्हेभठ्ठी (टकटोइया) के पास दो अज्ञात युवकों ने शिकारी राम से पंडरिया जाने के लिए लिफ्ट मांगी और उसके साथ मोटर साइकिल में बैठकर रवाना हुए। बदौरा गांव से पहले आरोपियों ने सिर पर कांच की बोतल से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल व 10 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। जान बचाकर किसी प्रकार लहूलुहान स्थिति में बदौरा पहुंचे पीड़ित की मदद के लिए स्थानीय शिक्षक हिरालाल पंद्राम आगे आए। उन्होंने तत्काल जिला पंचायत सभापति दीपा -पप्पू धुर्वे को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही श्रीमती दीपा धुर्वे और जनपद सदस्य राजकुमार नेताम ने मौके पर पहुंचकर विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित एम्बुलेंस की व्यवस्था की और घायल को कुकदुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पीड़ित को जिला अस्पताल कवर्धा रेफर किया गया है, सूत्रों के अनुसार फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुकदुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अंचल में इस घटना को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है वहीं संकट के समय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और त्वरित सहायता की सराहना भी हो रही है।



## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी 24 अप्रैल को

**कवर्धा।** लायंस क्लब के तत्वावधान में 24 अप्रैल शुक्रवार को डीएफओ ऑफिस के कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10.30 बजे पर्यावरण संरक्षण एवं हमारा कर्तव्य विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डीएफओ निखिल अग्रवाल होंगे, अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ प्रेमचंद श्रीश्रीमाल करेंगे और विषय प्रवर्तन व संचालन लायन नीरज मनजीत करेंगे। लायंस इंटरनेशनल के अध्यक्ष पीएमजेएफ एपी सिंह ने विश्व के सभी क्लब्स को निर्देशित किया है कि वे 18 से 26 अप्रैल तक पर्यावरण सेवा सप्ताह मनाएं। इसी के तहत उक्त कार्यक्रम रखा जा रहा है। इस संगोष्ठी में पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय समिति हरीतिमा, सीनियर सिटीजन कमेटी व क्लब से जुड़े प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के संयोजक नीरज मनजीत ने बताया कि इससे पूर्व इंटरनेशनल अध्यक्ष एपी सिंह के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य और हंगर रिलीफ पर वैश्विक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में यह तीसरा महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने नगर के सभी पर्यावरण प्रेमियों व प्रबुद्धजनों से अनुरोध किया है कि इस संगोष्ठी में शामिल होकर अनुगृहीत करें।

### 1 मई से जिले में लगेंगे समाधान शिविर

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 22 से 24 अप्रैल तक जिले के सभी तहसील एवं उप तहसील कार्यालयों में आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज पिपरिया तहसील कार्यालय पहुंचकर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में सभी आवेदनों को लिया जाए तथा उनकी स्क्रूटनी कर समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने आवेदन देने आए हितग्राहियों से स्वयं आवेदन लिए और चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

### स्वगणना की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है, जो आगामी 30 अप्रैल तक चलेगी। स्वगणना के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन कर आसानी से प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इस पोर्टल में सुबह 06 बजे से रात्रि 12 बजे तक स्वगणना की जानकारी भरी जा सकती है।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाला गिरफ्तार

- आरोपी के मोबाइल से मिले कई अहम साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अवैध जुआ और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन जब्त कर उसमें मौजूद सट्टेबाजी से जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।




थाना कवर्धा पुलिस टीम द्वारा जूर्म-जरायम की पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित राज क्लीनिक से आईपीएल क्रिकेट मैचों में ऑनलाइन सट्टा चला रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने गवाहों को साथ लेकर वीरस्तंभ चौक से आगे बढ़ते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम नीलकमल अधिकारी आयु 43 वर्ष, निवासी मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल तथा वर्तमान में प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा में निवासरत होना बताया। संदेही को सूचना से अवगत कराकर विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक एंड्रॉइड ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ।

मोबाइल की जांच में पाया गया कि आरोपी विभिन्न आईडी के माध्यम से आईपीएल मैचों में हार-जीत के साथ-साथ प्रत्येक ओवर पर दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस ने मोबाइल से स्क्रीनशॉट लेकर डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए। प्रथम दृष्टया अपराध सिद्ध होने पर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया।

कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध जुआ या ऑनलाइन सट्टेबाजी से दूर रहें। ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# कांग्रेस के खिलाफ जिला भाजयुमो का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकार एवं सम्मान की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल को कवर्धा में विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

कार्यक्रम सिग्नल चौक, कवर्धा में शाम 4. 00 बजे आयोजित होगा। इस दौरान भाजपा एवं भाजयुमो के जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

# मोटर सायकलों की टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसा युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम जरहाटोला रोड में मोड़ के पास गुरुवार को एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोड़ के समीप दो बाइकों के बीच अचानक टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक बाइक सवार संतुलन नहीं संभाल पाया और सामने से आ रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवार सहसपुर लोहारा की ओर आ रहा था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को सहायता पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि अभी तक घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर किसी मटेरियल सप्लायर का है, वहीं दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। मोड़ पर बार-बार हो रहे हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- हुबहू प्रश्न-पत्र व जनगणना संबंधी मुद्दे भी उठाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक तथा छग के जनगणना निदेशक के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर की ओर से एडिशनल कलेक्टर नरेंद्र पैकरा ने ज्ञापन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री को दिए पहले ज्ञापन में लोक शिक्षण संचालनालय के परीक्षा संबंधी निर्देश को दरकिनार करते हुए पांच जिलों कबीरधाम, धमतरी, बालोद, दुर्ग व बलरामपुर में हुबहू एक जैसे प्रश्न-पत्र से परीक्षा लेने की उच्च स्तरीय जांच की मांग ने इस मुद्दे को गरमा दिया है। दरअसल मामला यह है कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी को अपने-अपने जिले के लिए अलग-अलग प्रश्न-पत्र बनवाकर मुद्रण कराने का निर्देश दिया था, लेकिन इन पांच जिले के जिला शिक्षा अधिकारी ने हुबहू एक जैसे प्रश्न-पत्र प्रिंट करा लिया। बालोद जिले ने सारी हदें पार करते हुए अन्य चार जिले में दो दिन पहले हुए प्रश्न-पत्र से ही परीक्षा ले लिया। शिक्षा जैसे पुनीत कार्य में लीपापोती का यह मामला पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। यह मामला तब सामने आया है, जब प्रदेश में इस सत्र मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। दूसरे ज्ञापन के माध्यम से माह मई में 45 से 46 डिग्री सेल्शियस तापमान की संभावना से पड़ने वाले भीषण गर्मी व हीट वेब को दृष्टिगत रखते हुए जनगणना-2027 संबंधी कार्य माह मई-2026 के बजाय जुलाई या अगस्त-2026 में कराने की मांग किया गया है। इसमें शामिल अन्य मांगों में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ कोई गंभीर घटना-दुर्घटना होने पर एक करोड़ रुपये तक की बीमा सुरक्षा देने की मांग किया गया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, विनोद राजपूत, अरविंद कुंजाम, लक्ष्मण चंद्रवंशी, भूपेंद्र साहू, चिंता पटेल, प्रहलाद सिन्हा, शिव धुर्वे, लक्ष्मण मीरी, माधवेश केसरी, भानू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



### 35 से 40 किलोमीटर में लगा जनगणना ड्यूटी

ऐसोसिएशन के मुताबिक जिले में जनगणना प्रगणक व पर्यवेक्षक में शिक्षकों की ड्यूटी लगाया गया है, जिसमें कई शिक्षकों को मूल पदस्थ स्कूल से 30 से 40 किलोमीटर दूरी में प्रगणक बना दिया गया है। इससे मई के भीषण गर्मी में आने-जाने के साथ ही नए स्थान में जनगणना संबंधी कार्य करने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

**पुलिस एक्शन से सुधरी यातायात व्यवस्था, यात्रियों को मिली राहत**

# प्रतीक्षालयों के सामने अतिक्रमण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाने की दिशा में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस की पहल पर यात्री प्रतीक्षालय के सामने लंबे समय से बने अतिक्रमण को हटाकर आमजन और यात्रियों को बड़ी राहत दिलाई गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यात्री प्रतीक्षालय के सामने अवैध ठेले-टपरी संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। इससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी, बल्कि यात्रियों को प्रतीक्षालय का उपयोग करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यातायात पुलिस ने तत्काल नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस और नगर पालिका के संयुक्त समन्वय से मौके पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। अतिक्रमण हटने के बाद अब यात्री प्रतीक्षालय के आसपास यातायात सुचारू हो गया है और यात्रियों को सुविधा पूर्वक प्रतीक्षा करने की व्यवस्था मिल रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### जारी रहेगा अभियान

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात को बाधित करने वाले अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों, दुकानदारों और ठेला संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें और यातायात नियमों का पालन करें। सामूहिक सहयोग से ही शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

# बोड़ला शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला के विज्ञान संकाय द्वारा पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य उमेश पाठक के मार्गदर्शन एवं आई क्यूएसी समन्वयक सनत कुमार देवांगन के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री सनत देवांगन द्वारा छात्रों को पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने संबोधन में पृथ्वी एवं पर्यावरण के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रखा गया था, जिसने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन वसुमित्र शुक्ला द्वारा किया गया इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण योगेश ध्रुव, श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, सुश्री कोमल मिश्रा, बलदाऊ यादव, पुखराज भारद्वाज, शंकर साहू, वसुमित्र शुक्ला, जयंक खुराना एवं सुश्री प्रिया राठौर उपस्थित रहे।